
दैनिक
फाईट अगेंस्ट क्रिमिनल
वर्ष : ०९ | अंक:२८२ | मुंबई, मंगलवार ३१ मार्च २०२६ | RNI. No. : MAHHIN/2016/71734 | पृष्ठ-४ | मूल्य २/रू.





## अमेरिका में ज़ोरों शोरों से सड़कों पर ट्रम्प के खिलाफ विरोध प्रदर्शन



युद्ध का विरोध होना चाहिए। ईरान युद्ध के इस पाँचवे हफ्ते में भी साफ नहीं है कि ईरान पर हमला किस लिए किया गया है, इसलिए इस युद्ध का खुलकर विरोध करना चाहिए। ट्रंप के समर्थक और उनके वैचारिक खेमें के पत्रकार ही इस युद्ध को लेकर ट्रंप को घेर रहे हैं मगर अस्सी लाख लोगों ने सड़कों पर उतर कर दिखा दिया कि बम के धमाकों के बीच आवाज़ की आवाज भी मायने रखती है। ट्रंप भले इसकी परवाह न करें मगर यह घटना छोटी नहीं है। युद्ध के इस एक महीने की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। इसी पर है हमारी आज की रिपोर्ट।

## एसआईटी ने अशोक खरात केस में रूपाली चाकणकर को समन भेजा

नासिक : नासिक के भोंदू बाबा अशोक खरात को कोर्ट ने १ अप्रैल तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। अब इस केस में एक और बड़ा अपडेट सामने आया है। रूपाली चाकणकर की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं, जानकारी मिली है कि एसआईटी ने चाकणकर को भी समन भेजा है। सूत्रों ने बताया है कि शिवानिका संस्था के सभी मौजूदा और पुराने सदस्यों से पूछताछ की जाएगी। जानकारी मिल रही है कि एसआईटी सभी मौजूदा और पुराने सदस्यों को पूछताछ के लिए बुलाएगी। रूपाली चाकणकर से भी अब एसआईटी पूछताछ कर सकती है। शिवानिका संस्था के सभी ट्रांजैक्शन अब एसआईटी के रडार पर आ गए हैं। इसी वजह से अब एसआईटी उन सभी की जांच करेगी।



अशोक खराट की पुलिस कस्टडी फिर बढ़ी! नासिक में अशोक खराट केस ने राज्य में हलचल मचा दी है। अशोक खराट के बारे में पता चला है कि उसने कई महिलाओं का यौन शोषण किया है। अब तक इस मामले में आठ महिलाओं ने उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। महिलाएं अभी भी उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए आगे आ रही हैं। इस बीच, आज कोर्ट ने खरात की पुलिस कस्टडी फिर से बढ़ा दी है और अब उसे १ अप्रैल तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने मांग की थी कि अशोक खरात से पूछताछ के लिए उसकी कस्टडी एक बार फिर बढ़ाई जाए। एसआयटी को खरात की जांच के लिए और समय चाहिए, जो महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और फाइनेंशियल फ्रॉड के गंभीर मामलों का सामना कर रहा है।

# देश में नफरत फैलाने वाले हिट स्पीच पर रेवंत रेड्डी सरकार का ने मारा हथौड़ा

## नफरत फैलाने वालों की अब खैर नहीं, 10 साल तक सजा का प्रावधान



■ सईद शेख

**हैदराबाद।** समाज में बढ़ती नफरत और डिजिटल माध्यमों से फैलते जहरीले कंटेंट पर लगाम कसने के लिए तेलंगाना सरकार ने बड़ा और सख्त कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विधानसभा में 'तेलंगाना हेट स्पीच एंड हेट क्राइम प्रिवेंशन बिल 2026' पेश किया है, जो नफरती भाषण देने वालों पर सीधा प्रहार करता है। सरकार का मानना है कि अब नफरत सिर्फ मंचों और सभाओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि व्हाट्सएप मैसेज, सोशल मीडिया पोस्ट, वायरल वीडियो और डिजिटल कैंपेन के जरिए तेजी से फैल रही है। कई मामलों में ऐसे कंटेंट ने सांप्रदायिक तनाव और हिंसा को भी जन्म दिया है। इसी पृष्ठभूमि में यह कानून तैयार किया गया है, ताकि ऐसे मामलों में तुरंत और प्रभावी कार्रवाई हो सके। प्रस्तावित कानून के तहत धर्म, जाति, भाषा, नस्ल या किसी भी समुदाय के आधार पर नफरत फैलाने या हिंसा के लिए उकसाने पर



कम से कम एक साल की सजा और अधिकतम 7 साल तक की जेल हो सकती है। साथ ही जुर्माने का भी प्रावधान रखा गया है। अगर कोई व्यक्ति बार-बार ऐसा अपराध करता है, तो सजा और कड़ी हो जाएगी–न्यूनतम 2 साल से लेकर 10 साल तक की जेल और ₹1 लाख तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। खास बात यह है कि ऐसे अपराधों को गैर-जमानती रखा गया है, जिससे आरोपी को तुरंत राहत मिलना आसान नहीं होगा। हालांकि, देश में पहले से ही भारतीय न्याय संहिता के तहत नफरती भाषण को लेकर प्रावधान मौजूद हैं, लेकिन वे अलग-अलग धाराओं में बंटे हुए हैं। तेलंगाना का यह नया विधेयक इन सभी पहलुओं को एक साथ समेटते हुए ज्यादा स्पष्ट और सख्त कानूनी ढांचा देने की कोशिश करता है। राजनीतिक पृष्ठभूमि में हाल के दिनों में कई विवादित बयानों ने माहौल को गरमाया है, जिनमें धर्म और जाति के नाम पर लोगों को भड़काने के आरोप लगे। ऐसे मामलों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है, जिससे नफरत फैलाने वालों पर सीधा अंकुश लगाया जा सके। अगर यह विधेयक पारित होता है, तो कर्नाटक के बाद तेलंगाना ऐसा कानून लागू करने वाला दूसरा राज्य बन जाएगा। कर्नाटक ने पहले ही इसी तरह का कानून लागू किया है, लेकिन तेलंगाना का प्रस्ताव कुछ मामलों में उससे भी ज्यादा सख्त माना जा रहा है। स्पष्ट संकेत है कि अब मंच से लेकर मोबाइल तक–किसी भी माध्यम से फैलने वाली नफरत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार का रुख साफ है: समाज में जहर घोलने वालों को अब सीधे कानून का सामना करना पड़ेगा, और सजा भी पहले से कहीं ज्यादा कड़ी होगी।

## ईरान में एयर स्ट्राइक से फैल रहा जहरीला धुआं, ब्लैक रेन हो सकती है खतरनाक : संजय राउत

नई दिल्ली, राज्यसभा में सोमवार को मध्य पूर्व में चल रहे ईरान-इजरायल युद्ध का मुद्दा उठाकर शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने इसके गंभीर वैश्विक, पर्यावरणीय और स्वास्थ्य प्रभावों पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष अब एक महीने से अधिक समय से जारी है और इसके परिणाम केवल क्षेत्रीय स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहे हैं।



शिवसेना यूबीटी नेता राउत के अनुसार, इस युद्ध के कारण ईंधन और एलपीजी जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर असर पड़ा है, जिससे वैश्विक स्तर पर संकट गहराता जा रहा है। हालांकि उन्होंने विशेष रूप से पर्यावरण और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले खतरों को अधिक गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि ईरान की राजधानी तेहरान और आसपास के क्षेत्रों में एयर स्ट्राइक के कारण ऑयल रिफाइनरी और गैस भंडारों में भीषण आग लगी है, जिससे भारी मात्रा में जहरीला धुआं वातावरण में फैल गया है। इस धुएं में सल्फर, नाइट्रोजन ऑक्साइड और अन्य खतरनाक रसायन शामिल हैं, जो मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हैं। शिवसेना यूबीटी नेता राउत ने बताया कि वहां के लोगों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने 'ब्लैक रेन' यानी काली बारिश की घटनाओं का भी उल्लेख किया, जिसमें विषैले तत्व शामिल होते हैं। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन की चेतावनियों का हवाला देकर कहा कि यह स्थिति गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह प्रदूषण सीमाओं में बंधा नहीं रहेगा और भविष्य में भारत के पश्चिमी राज्यों–गुजरात, राजस्थान और पंजाब–पर भी असर डाल सकता है। इससे वायु गुणवत्ता खराब होने, एसिड रेन की संभावना बढ़ने, फसलों के नुकसान, मिट्टी के दूषित होने और सांस संबंधी बीमारियों व कैंसर जैसी समस्याओं के बढ़ने का खतरा है।

## धर्म की बात करने वाले प्रधानमंत्री सबरीमाला विवाद पर क्यों हैं खामोश

**तिरवनंतपुरम,** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केरल के पतनमतिट्टा में आयोजित एक चुनावी रैली के दौरान बीजेपी और एलडीएफ सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे देशभर में मंदिरों और धर्म की बात करते हैं, लेकिन सबरीमाला से जुड़े विवादों पर चुप्पी साध लेते हैं।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने संबोधन में सबरीमाला मंदिर का मुद्दा उठाते हुए वामपंथी नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि मंदिर की संपत्ति और पवित्रता के साथ खिलवाड़ किया गया है। राहुल ने आरोप लगाया कि अयप्पा मंदिर के सोने को बदलकर पीतल रख दिया गया, जो श्रद्धालुओं की आस्था के साथ धोखा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीजेपी और एलडीएफ के बीच कथित संबंधों को लेकर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी के प्रभाव में केरल की एलडीएफ सरकार काम कर रही है। राहुल गांधी ने कहा, जो लोग बीजेपी के खिलाफ आवाज उठाते हैं, उन पर हमले होते हैं और उनके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज किए जाते हैं। उन्होंने अपने ऊपर हुए हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि उनके खिलाफ 36 मामले दर्ज हैं, जबकि केरल के मुख्यमंत्री पर बीजेपी की ओर से कोई कार्रवाई या हमला नहीं होता। राहुल ने इसे दोनों दलों के बीच अंदरूनी गठबंधन का संकेत बताया।

चुनावी रैली के दौरान राहुल गांधी ने यह भी कहा कि केरल की राजनीति में एक तरफ कांग्रेस नेतृत्व वाला यूडीएफ गठबंधन है, जबकि दूसरी ओर एलडीएफ और बीजेपी एक साथ खड़े दिखाई देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी राज्य में कांग्रेस को कमजोर करना चाहती है, क्योंकि वही राष्ट्रीय स्तर पर उसे चुनौती देने की क्षमता रखती है। धार्मिक भावनाओं का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने सवाल उठाया कि जब सबरीमाला जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल से जुड़े विवाद सामने आए, तो बीजेपी ने राज्य सरकार के खिलाफ कोई ठोस रुख क्यों नहीं अपनाया। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली पार्टी का इस मुद्दे पर मौन रहना कई सवाल खड़े करता है।

## ममता बनर्जी का तीखा प्रहार, कहा- चुनाव खत्म होते ही गैस-कैश देना बंद कर देगी भाजपा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बेलदा में एक बड़ी चुनावी रैली की। इस रैली में उन्होंने भाजपा की नीतियों पर जमकर निशाना साधा। ममता बनर्जी ने जनता को चेतावनी देते हुए कहा, भाजपा चुनाव खत्म होते ही गैस और कैश देना बंद कर देगी। उन्होंने इसे भाजपा की एक सोची-समझी चाल और चुनावी खेल करार दिया।

**भौगोलिक संदर्भ**

ममता बनर्जी ने भाजपा पर समाज को बांटने का गंभीर आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच नफरत और झगड़े पैदा कर रही है। मुख्यमंत्री के अनुसार, भाजपा इस तनावपूर्ण स्थिति का फायदा उठाकर देश को लूटना चाहती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भाजपा के बहकावे में न आएं। ममता बनर्जी ने साफ किया कि भाजपा केवल सत्ता के लिए लोगों को आपस में लड़ाने का काम कर रही है और चुनाव के बाद वह अपने वादों से मुकर जाएगी।

ममता बनर्जी ने गृह मंत्री अमित शाह की राजनीतिक चार्जशीट का जवाब देते हुए कहा, पहली चार्जशीट तो प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के खिलाफ होनी चाहिए, जो दंगे भड़काकर सत्ता में आए। ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा हिंदू-मुस्लिम से लेकर प्रशासन और पुलिस तक को बांटने की कोशिश कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने भाजपा के कहने पर कई काबिल अधिकारियों को हटा दिया है, जो अधिकारियों का अपमान है।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा किसी धर्म से प्यार नहीं करती, वह सिर्फ ढोंग करती है। उन्होंने कहा, जिस तरह से वे देश चला रहे हैं, मुझे लगता है कि उन्हें एक या दो महीने के भीतर दिल्ली से भागना पड़ेगा। रैली में ममता बनर्जी ने २०१६ की नोटबंदी का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय लाइनों में लगकर करीब २०० लोगों की जान गई थी। उन्होंने वोटर लिस्ट से मुस्लिमों, हिंदुओं और आदिवासियों के नाम हटाए जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने वादा किया कि जिनकी पहचान वोटर लिस्ट से मिटाई गई है, उनकी पार्टी उन्हें मुफ्त कानूनी मदद देगी।

पिछले १५ वर्षों में अपनी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए, मुख्यमंत्री ने दावा किया कि BJP के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने १००-दिन की रोज़गार गारंटी, पक्के मकानों के निर्माण और सड़कों जैसी कल्याणकारी योजनाओं के लिए फंड रोक दिया है। बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार ने इन प्रोजेक्ट्स को अपने फंड से चला रही है।

उन्होंने बंगाल युवा साथी योजना का बचाव करते हुए कहा कि बेरोजगार युवाओं को मिलने वाले १५०० रुपये उनकी पॉकेट मनी है। उन्होंने दावा किया कि देश में बेरोजगारी ४० प्रतिशत बढ़ी है, जबकि बंगाल में इसे कम किया गया है। अंत में उन्होंने चेतावनी दी कि अगर टीएमसी हारी, तो भाजपा जनता से सब कुछ छीन लेगी।



SHABBIR MEMON (DIRECTOR) 9892488825. TEL: 022 6780894
MEMON REALTORS
Builder & Devloper PVT. LTD.
Shop No. 1 to 5, Bldg,. No . 2 Next Ahuja Bulding R.M. Road, Oshiwara, Jogeshwari(W), Mumbai - 400 102. memonshabbir24@gmail.com

# संपादकीय




एम.एस.शेख
संपादक


## इजरायल- ईरान युद्ध से वैश्विक आर्थिक महामंदी?

अमेरिका-इजराईल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण सारी दुनिया के देश आर्थिक महामंदी के शिकार होने जा रहे हैं। इस मंदी का बड़ा असर होने जा रहा है। जिसकी कल्पना कर पाना भी संभव नहीं है। एक माह से चल रहे, इस युद्ध के कारण कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति वैश्विक स्तर पर प्रभावित हुई है। ईरान की हार्मोज में नाकाबंदी के बाद दुनिया के सभी देशों का संकट बढ़ता जा रहा है। महंगाई बढ़ रही है, ऊर्जा संकट का असर कारोबार और औद्योगिक उत्पादन पर पड़ रहा है, जिसके कारण बेरोजगारी भी तेजी के साथ बढ़ रही है। कच्चे तेल और गैस के दाम लगातार बढ़ने से सभी देशों की अर्थ व्यवस्था गड़बड़ा रही है। इसका असर सरकारों के राजस्व पर भी देखने को मिल रहा है। आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। महंगाई के कारण आम लोग अपने जीवन की जरूरी चीजों को नहीं खरीद पा रहे हैं। भारत सरकार ने पहली बार अर्थव्यवस्था को लेकर अपनी चिंता जाहिर की है। यह माना जा रहा है, भारत सरकार को अपने बजट को संशोधित करना पड़ेगा। युद्ध खत्म होने के स्थान पर और भी तेज होता जा रहा है। दुनिया भर के देशों में इसका दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है। कच्चे तेल की सप्लाई घटकर मात्र १० फ़ीसद रह गई है। जिसके कारण सारी व्यवस्था वैश्विक स्तर पर गड़बडा गई है। सारी दुनिया के देशों की आर्थिक स्थिति आउट ऑफ कंट्रोल हो रही हैं। इसका असर शेयर बाजार और बैंकिंग व्यवस्था पर भी देखने को मिलने लगा है। शहरों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। पेट्रोल, डीजल, गैस और बिजली संकट का असर सभी क्षेत्रों पर पड़ रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराईल के प्रधानमंत्री नेतन्याहु के सिर में जिस तरह से युद्ध का पागलपन सवार है, इसका असर सारी दुनिया के देशों पर पड़ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के साथ ही टैरिफ-वार के माध्यम से सारी दुनिया के देशों में हड़कंप मचाया। जिसका असर महंगाई और अर्थव्यवस्था पर पड़ा। ट्रंप की नीतियों के कारण अमेरिका में भी महंगाई और बेरोजगारी तेजी के साथ बढ़ी है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ ३३०० से ज्यादा स्थानों पर प्रदर्शन हो रहा है। करीब ९० लाख लोग सड़कों पर उतर आए हैं। अमेरिका की जनता ट्रंप से नाराज है। डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी के सांसद भी नाराज हैं। इसके बाद भी डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से युद्ध को भड़का रहे हैं, रोजाना तरह-तरह के बयान दे रहे हैं, उसके बाद सारी दुनिया में उन्हें एक साइको और पागल नेता के रूप में देख रही है। ट्रंप के अहंकार से स्थितियां और भी विकराल होती जा रही हैं। इस युद्ध में जिस तरह से अमेरिका के खिलाफ रूस, चीन, ईरान, उत्तर कोरिया सहित सैकड़ों देश अमेरिका के विरोध में खड़े हो गए हैं। उत्तर कोरिया ने अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइल इंजन का सफल परीक्षण कर लिया है।


JANSEVA SOCIAL FOUNDATION
Non Goverment Organization
Reg. No. F-75914



NITI AYOG 12A,80G & CSR Registered
DONATE FOR POOR AND UNDERPRIVILEGED
Contact us
9930026943
SBI BANK
JANSEVA SOCIAL FOUNDATION
Account No:.39171751769
IFS Code : SBIN0012959
www.jansevasocialfoundation.com
701/ C Wing crystal Plaza opposite infinity mall Andheri West


# मीरा-भायंदर में सनसनीखेज वारदातः काला जादू के शक में बुजुर्ग का अपहरण व बेरहमी से पिटाई

## नवघर पुलिस ने किया चार आरोपी गिरफ्तार, एक अब भी फरार

**नजमुल हसन रिज़वी**

**मीरा-भायंदरः** अंधविश्वास से जुड़ी एक चौंकाने वाली घटना में ६२ वर्षीय बुजुर्ग का अपहरण कर उसके साथ बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस प्रकरण में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी अब भी फरार है।

पीड़ित सुरेश सोलंकी (६२), निवासी भायंदर, का कुछ दिन पहले आरोपियों ने ऑनलाइन ऐप के जरिए गाड़ी बुक कर जबरन अपहरण कर लिया। गाड़ी में बैठाने के बाद आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की, आंखों में मिर्च पाउडर डाला और चाकू से हमला करने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि आरोपियों को सोलंकी पर काला जादू करने का शक था।

घटना के बाद आरोपी पीड़ित को नासिक जिले के त्र्यंबकेश्वर क्षेत्र के पास छोड़कर फरार हो गए। इसके बाद सोलंकी ने नवघर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।



शिकायत के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए काशिमीरा क्षेत्र से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

इस मामले में धीरज कोळी ने कहा, 'प्रारंभिक जांच में यह मामला अंधविश्वास और काला जादू के संदेह से जुड़ा प्रतीत होता है। संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।'

पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या पीड़ित को किसी कथित तांत्रिक अनुष्ठान के लिए निशाना बनाया गया था। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है, जबकि आगे की जांच जारी है।

# आरोपी अभिनेता विशाखापत्तनम से गिरफ्तार, क्राइम ब्रांच यूनिट 1 पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## मीरा रोड हत्याकांड का खुलासा



**नजमुल हसन रिज़वी**

**मीरा-भायंदरः** मीरा रोड में घरेलू सहायिका की हत्या के मामले में मीरा-भायंदर वसई-विरार (एमबीवीवी) पुलिस की क्राइम ब्रांच यूनिट-1 ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए आरोपी को विशाखापत्तनम से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अभिनेता आशीष मेश्राम घटना के बाद फरार होने की कोशिश कर रहा था।

पुलिस के अनुसार, यह घटना 25 मार्च 2026 को हुई, जब मृतका सुमन कांबले मीरा रोड (पूर्व) स्थित चंद्रेश एकॉर्ड बिल्डिंग, सिल्वर पार्क में काम के लिए गई थीं। आरोपी, जो कि एक छोटा-मोटा अभिनेता बताया जा रहा है, आशीष मेश्राम ने महिला पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। इससे नाराज होकर और पूर्व में हुए विवाद की रंजिश रखते हुए आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर उनकी हत्या कर दी।

मृतका के बेटे सागर कांबले की शिकायत पर मीरा रोड पुलिस थाने में बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन का तकनीकी विश्लेषण किया, जिससे आरोपी की पहचान और उसके फरार होने के रास्ते का पता चला। आरोपी मुंबई से ट्रेन और बस के जरिए पहले हैदराबाद और फिर विशाखापत्तनम पहुंच गया था। पुलिस ने तकनीकी जानकारी के आधार पर 27 मार्च को विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन के बाहर बस स्टॉप से उसे गिरफ्तार कर लिया।

संदीप डोईफोडे, उपायुक्त (गुन्हे) ने कहा, 'यह एक गंभीर अपराध था, इसलिए कई टीमों को तुरंत तैनात किया गया। तकनीकी विश्लेषण और समन्वित प्रयासों के जरिए आरोपी को विभिन्न राज्यों में ट्रैक कर समय पर गिरफ्तार किया गया।'

वहीं, सुशील कुमार शिंदे, पुलिस इंस्पेक्टर, इंचार्ज क्राइम ब्रांच यूनिट 1 ने बताया, 'सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल ट्रैकिंग इस मामले में अहम साबित हुई। लगातार लोकेशन बदलने के बावजूद हमारी टीम ने दो दिनों के भीतर आरोपी को पकड़ लिया।'


फिलहाल आरोपी को आगे की जांच के लिए मीरा रोड पुलिस के हवाले कर दिया गया है।


- DESIGNER FURNITURE SETS
- BWR PLYWOOD FURNITURE
- WARDROBES
- TV UNIT
- COFFEE TABLE
- BED
- STORAGE
- SHOE UNIT

The RISA Co

VISIT OUR WEBSITE
www.therisaco.com
+91 9892528992






# 'मुझे हटाकर स्टारकिड्स को लिया गया'



कृति सेनन ने हाल ही में बॉलीवुड में नेपोटिज्म पर खुलकर अपनी राय दी। उन्होंने माना कि उनके करियर में कई बार ऐसा हुआ जब उन्हें किसी स्टार किड के लिए हटाया गया। कृति के अनुसार, स्टार किड्स के लिए इंडस्ट्री के दरवाजे जल्दी खुल जाते हैं और मौके आसानी से मिलते हैं, लेकिन आखिर में कलाकार का हुनर ही उसे आगे ले जाता है। एक्ट्रेस ने बताया कि उनका खुद का कोई फिल्मी कनेक्शन नहीं था, इसलिए शुरुआत में उन्हें मुंबई में खुद को खोया हुआ महसूस करना लाजमी था। हालांकि, पहली फिल्म से ही इंडस्ट्री ने उनका स्वागत किया और उन्हें अपनाया। उन्होंने यह भी कहा कि नेपोटिज्म हर फील्ड में है, लेकिन मेहनत करने वाले देर-सवेर अपनी मंजिल पा ही लेते हैं। एक्ट्रेस ने साफ किया कि अगर उनका बच्चा एक्टिंग में आए, तो रास्ते आसान होंगे, लेकिन लंबी रेस का घोड़ा वही बनता है, जिसमें काबिलियत होती है। आखिर में दर्शक तय करते हैं कि कौन सुपरस्टार बनेगा।

# रोहित ने पहले ही मैच में 550 छक्के पूरे किये, कई रिकार्ड भी अपने नाम किये



मुम्बई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने आईपीएल 2026 सत्र के पहले ही मैच में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान ही अपने 550 छक्के लगा दिये। इस दौरान रोहित ने कई अन्य रिकार्ड भी बनाये। रोहित ने केवल 23 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया। ये उनके आईपीएल करियर का सबसे तेज अर्धशतक भी रहा है। उन्होंने यह अर्धशतक पावरप्ले के अंदर ही पूरा कर लिया। इस पारी में तीन छक्के लगाते ही रोहित ने टी20 क्रिकेट में अपने 550 छक्के भी पूरे किये। इसके साथ ही वह टी20 में 500 से ज्यादाछक्के लगाने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी व विश्व के 9वें खिलाड़ी बन गये हैं।



इस पारी के दौरान ही रोहित ने केकेआर के खिलाफ अपने 1100 रन पूरे कर लिए। इसी के साथ ही केकेआर के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने वाले मुम्बई के खिलाड़ी बन गये हैं। रोहित शर्मा ने अपने आईपीएल करियर में 50वीं बार 50 से अधिक स्कोर बनाया। इसके साथ वह ऐसा करने वाले चौथे खिलाड़ी बने। विराट कोहली के बाद वह दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं जिसने इतने अधिक अर्धशतक लगाये हैं।

# NCP बीजेपी में विलीन? सुनेत्रा पवार के नेतृत्व में नए सियासी समीकरणों की चर्चा तेज

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर बड़ा उलटफेर होने के संकेत मिल रहे हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के दो गुटों के संभावित विलय की चर्चा के बीच अब एक नई अटकल ने जोर पकड़ लिया है–अजित पवार गुट का सीधे बीजेपी में विलय। अजित पवार के निधन के बाद बदले राजनीतिक समीकरणों में उनके गुट के नेताओं ने फिर से विलय की बात छेड़ दी है। विधायक सुनील शेळके ने सुनेत्रा पवार के नेतृत्व में दोनों गुटों के एक होने की वकालत की, वहीं सुनील तटकरे ने भी इस बयान का समर्थन करते हुए कहा कि यदि सुनेत्रा पवार का नेतृत्व स्वीकार हो, तो विलय संभव है। हालांकि शरद पवार गुट की ओर से अब तक कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, जिससे राजनीतिक चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। बीते दो महीनों में हालात तेजी से बदले हैं। संगठनात्मक पकड़ कमजोर होना, कई नेताओं का अन्य दलों की


ओर झुकाव और मजबूत केंद्रीय नेतृत्व का अभाव–इन कारणों से अजित पवार गुट दबाव में दिखाई दे रहा है। इसी बीच नेताओं और मंत्रियों का लगातार विवादों में घिरना भी गुट की छवि पर असर डाल रहा है। फिर चाहे रूपाली चाकणकर से जुड़ा प्रकरण हो या नरहरी झिरवाळ का कथित वीडियो–इन घटनाओं ने सियासी असहजता और बढ़ा दी है। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, यदि दोनों गुटों का विलय होता है तो नेतृत्व स्वाभाविक रूप से शरद पवार और सुप्रिया सुळे के हाथों में जाएगा, जो अजित पवार गुट के कई नेताओं को मंजूर नहीं है। ऐसे में सुनेत्रा पवार के सामने विकल्प सीमित होते जा रहे हैं–या तो शरद पवार गुट में वापसी या फिर बीजेपी के साथ नया राजनीतिक समीकरण। बीजेपी के नजरिए से भी यह समीकरण अहम हो सकता है। राज्य की सत्ता में संतुलन बनाए रखने और बदलते समीकरणों के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए बीजेपी इस विकल्प पर नजर बनाए हुए है। फिलहाल तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं है, लेकिन इतना तय है कि एनसीपी के भीतर जारी खींचतान अब बड़े राजनीतिक बदलाव की ओर बढ़ रही है। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट होगा कि पार्टी एकजुट होती है या महाराष्ट्र की राजनीति में एक और बड़ा विलय देखने को मिलता है।

## ताला तोड़कर बंद फ्रोजन कैफे से युवक-युवती हिरासत में, अमरावती में दामिनी स्क्वॉड की बड़ी कार्रवाई

अमरावती। शहर के गाडगे नगर थाना क्षेत्र में दामिनी पथक (स्क्वॉड) ने अचानक छापा मारकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। कठोरा नाका से पोटे कॉलेज मार्ग पर स्थित कुछ कैफे को निशाने





पर लेते हुए पुलिस ने सघन जांच अभियान चलाया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इन कैफे में नियमों के विपरीत गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी सूचना के आधार पर दामिनी पथक ने अचानक दबिश दी और कैफे की तलाशी शुरू की। कार्रवाई के दौरान एक बंद पड़े फ्रोजन कैफे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया, जहां कुछ युवक और युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों में पाए गए। पुलिस ने सभी को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

इसके साथ ही संबंधित कैफे संचालकों से आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच में कई अनियमितताओं की आशंका जताई जा रही है, जिसके चलते पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे की कार्रवाई तेज कर दी है। इस अचानक हुई कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है और नागरिकों के बीच चर्चा का माहौल गर्म हो गया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शहर में इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। फिलहाल इस पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच गाडगे नगर पुलिस द्वारा की जा रही है और आने वाले समय में इस मामले में और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## महावीर जयंती पर बडनेरा भक्तिमय; दिनभर कार्यक्रमों की श्रृंखला

### आरती, प्रसादी और बाइक रैली–जैन समाज का सामूहिक आयोजन

अमरावती। महावीर जयंती के पावन अवसर पर बडनेरा में जैन समाज द्वारा विविध धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जा रहा है। दिनभर चलने वाले इन आयोजनों में श्रद्धा, उत्साह और सामूहिक सहभाग का विशेष माहौल देखने को मिलेगा। कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह ७:३० बजे जैन स्थानक, बडनेरा से प्रभात फेरी के साथ होगी। यह प्रभात फेरी नगर भ्रमण करते हुए भगवान शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचेगी, जहां भगवान शांतिनाथजी की आरती के पश्चात सभी श्रद्धालु महावीर भवन में एकत्रित होंगे। सुबह १० बजे महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में आमंत्रित प्रेरक प्रवक्ता द्वारा सभा को संबोधित किया जाएगा। इसके बाद पुरस्कार वितरण कार्यक्रम एवं भगवान महावीर स्वामी की आरती संपन्न होगी। दोपहर ११:३० से १:३० बजे तक सकल जैन संघ की ओर से गौतम प्रसादी का आयोजन रखा गया है, जिसमें सभी धर्मप्रेमियों से समय पर उपस्थित रहने की अपील की गई है। विशेष रूप से जूनीबस्ती के जैन परिवारों के लिए शाम ४:३० बजे बाइक रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली नईबस्ती स्थित भगवान शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर जूनीबस्ती स्थित भगवान आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर तक जाएगी। सभी कार्यक्रम महावीर भवन में आयोजित किए जाएंगे। जैन समाज ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से परिवार सहित उपस्थित रहकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।



# कंबोज की दावत में ठाकरे हुए 'मोहित', आघाडी में हलचल, सुप्रिया का डैमेज कंट्रोल, अलर्ट मोड में शिंदे गुट

**मुंबई,** राजनीति में 'कोई किसी का स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता', यह कहावत महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर सच साबित होती दिख रही है। इसका प्रमाण भाजपा के फायरब्रांड नेता और दिग्गज व्यवसायी मोहित कंबोज की बेटी मिश्का कंबोज के १६वें जन्मदिन पर देखने को मिला।

मुंबई के एक आलीशान पंचतारांकित होटल में आयोजित इस दावत में वैसे तो राजनीति, बॉलीवुड और व्यापार जगत की तमाम दिग्गज हस्तियां शामिल हुईं, लेकिन सबसे ज्यादा सुर्खियां शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे की उपस्थिति ने बटोरीं। कंबोज की पारिवारिक दावत (कार्यक्रम) पर आदित्य ठाकरे का 'मोहित' होना अर्थात पहुंचना राज्य के सियासी गलियारों में नई अटकलों को जन्म दे चुका है।

**कंबोज और ठाकरे परिवार के बीच संघर्ष**

मोहित कंबोज और ठाकरे परिवार के बीच का संघर्ष जगजाहिर रहा है। महाविकास आघाडी सरकार के दौरान कंबोज ने तत्कालीन सरकार और विशेषकर ठाकरे गुट पर तीखे हमले किए थे। इतना ही नहीं, २०२२ में जब शिवसेना में फूट पड़ी, तब कंबोज को बागी विधायकों के साथ गुवाहाटी में भी देखा गया था। ऐसे 'कट्टर विरोधी' के निमंत्रण पर आदित्य ठाकरे का वहां पहुंचना और मिलिंद नार्वेकर की मौजूदगी ने विशेषज्ञों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या पर्दे के पीछे भाजपा और ठाकरे गुट के बीच नजदीकियां बढ़ रही हैं?

**दिग्गजों का जमावड़ा और गठबंधन में सुगबुगाहट**



इस भव्य समारोह में केवल आदित्य ठाकरे ही नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मनसे प्रमुख राज ठाकरे, सुप्रिया सुले, श्रीकांत शिंदे और आशीष शेलार जैसे दिग्गज नेता भी शामिल थे। उद्योग जगत से अनंत अंबानी और बॉलीवुड से शाहरुख खान, संजय दत्त, जैकी श्रॉफ जैसे सितारों ने भी शिरकत की, लेकिन, विपक्षी खेमे से आदित्य ठाकरे और सुप्रिया सुले की मौजूदगी ने महाविकास आघाडी के भीतर भी हलचल पैदा कर दी है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि क्या शिंदे गुट और भाजपा के बीच कथित अनबन के बीच ठाकरे गुट भाजपा के साथ संवाद के सेतु बना रहा है?

**संजय राउत का बचाव और सांस्कृतिक तर्क**

इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर मचे बवाल और ट्रोलिंग के बीच शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने मोर्चा संभाला है। राउत ने इसे 'डैमेज कंट्रोल' के तौर पर देखते हुए स्पष्ट किया कि महाराष्ट्र की राजनीतिक संस्कृति में व्यक्तिगत और सार्वजनिक शिष्टाचार अलग होते हैं। उन्होंने कहा, 'राजनीतिक शत्रुता अपनी जगह है, लेकिन मंगल कार्यों में शामिल होना हमारी परंपरा है। इसे राजनीतिक गठबंधन के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। ' जब राउत से पूछा गया कि क्या वे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बुलावे पर जाएंगे, तो उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पहले वे बुलाएं तो सही।

**शिंदे गुट और आघाडी में अलर्ट मोड**

आदित्य ठाकरे की इस 'सरप्राइज विजिट' ने शिंदे गुट को अलर्ट मोड पर डाल दिया है। कंबोज और ठाकरे की इस मुलाकात को भले ही निजी बताया जा रहा हो लेकिन निकट भविष्य के मद्देनजर इसे एक बड़े रणनीतिक बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। फिलहाल, इस एक मुलाकात ने यह तो साफ कर दिया है कि मुंबई की राजनीति के समीकरण कभी भी बदल सकते हैं।

## बिजली बिल का नाम बदलने के बहाने बुजुर्ग महिला से २५ लाख की ठगी

**मुंबई (फरियाद अली) :** अंधेरी इलाके में रहने वाली ७८ साल की एक बुजुर्ग महिला ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गई। ठग ने बिजली बिल पर नाम बदलने के बहाने उनके बैंक खाते से २५ लाख रुपये से ज्यादा निकाल लिए। यह घटना तब हुई जब महिला केरल में अपने रिश्तेदारों से मिलने गई थी। महिला ने १० मार्च को बिजली बिल में नाम बदलवाने के लिए अर्जी दी थी। अगले दिन उन्हें एक व्हाट्सएप कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को बिजली कंपनी का कर्मचारी बताया। उसने नाम बदलने की फीस के तौर पर सिर्फ १३ रुपये मांगे। इसके बाद ठग ने ई-केवाईसी पूरा करने के नाम पर महिला के व्हाट्सएप पर एक फाइल भेजी। महिला ने जैसे ही वह फाइल डाउनलोड की, ठग को उनके




मोबाइल फोन का पूरा कंट्रोल मिल गया। इसके बाद ठग ने महिला से क्रेडिट कार्ड की जानकारी और पासवर्ड मांगा। कुछ ही देर में उनके खातों से २५ लाख रुपये से ज्यादा कट गए।

ठगी का अहसास होने पर महिला ने तुरंत १९३० हेल्पलाइन पर जानकारी दी। २१ मार्च को मुंबई वापस आने के बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

## अज्ञात महिला हत्याकांड का खुलासा, पति सहित दो आरोपी गिरफ्तार

नजमुल हसन रिज़वी

**विरारः** विरार की अपराध शाखा कक्ष-३ ने एक अज्ञात महिला के निर्मम हत्या मामले का पर्दाफाश करते हुए मृतका की पहचान स्थापित कर उसके पति समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला मांडवी पुलिस थाना क्षेत्र में दर्ज



किया गया था।पुलिस के अनुसार, २१ मार्च २०२६ से पूर्व शिरवली गांव के पास वङ्कोश्वरी-शिरसाड रोड से करीब ३० मीटर दूर एक खेत में २५ से ३० वर्ष की अज्ञात महिला का सड़ा-गला शव बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की गला काटकर तथा सिर पर गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई थी। इस संबंध में मांडवी पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अपराध शाखा कक्ष-३, विरार को समानांतर जांच सौंपी गई। टीम ने करीब ५०० से अधिक सीसीटीवी कैमरों के ७२ घंटे के फुटेज खंगाले और तकनीकी व गुप्त सूचना के आधार पर २८ मार्च २०२६ को दो आरोपियों–रोशन रामजग यादव (२६) और भानुप्रताप विजय बहादुर यादव (३०), दोनों निवासी नालासोपारा पूर्व–को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने अपराध कबूल कर लिया। जांच में मृतका की पहचान मधुबाला उर्फ प्रियाकुमारी रोशन यादव (२३), निवासी आजमगढ़, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई, जो मुख्य आरोपी रोशन यादव की पत्नी थी। पुलिस के अनुसार, पत्नी के चरित्र पर शक के चलते रोशन यादव ने अपने मित्र भानुप्रताप के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। १९ मार्च को आरोपी पत्नी को मोटरसाइकिल से सुनसान स्थान पर ले गए, जहां धारदार हथियार से गला काटकर और पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी गई। उपायुक्त (गुन्हे) संदीप डोईफोडे ने बताया, 'यह मामला बेहद चुनौतीपूर्ण था क्योंकि शव पूरी तरह सड़ चुका था और पहचान करना मुश्किल था। हमारी टीम ने लगातार तकनीकी विश्लेषण और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों तक पहुंच बनाई। यह एक सुनियोजित हत्या थी, जिसे सफलतापूर्वक सुलझाया गया है।' दोनों आरोपियों को आगे की कार्रवाई के लिए मांडवी पुलिस के हवाले कर दिया गया है। मामले की जांच वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रंजीत आंधळे के मार्गदर्शन में जारी है।

## अमरावती मल्टीप्लेक्स मामलाः कोर्ट आदेश की अनदेखी, अधिकारियों पर गाज की मांग


अमोल सूर्यवंशी

**अमरावती।** शहर के नवाथे प्लॉट क्षेत्र में प्रस्तावित मल्टीप्लेक्स परियोजना को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता नजर आ रहा है। महानगरपालिका क्षेत्र में चल रहे इस प्रकरण में न्यायालय के आदेशों की अवहेलना के आरोप लगाते हुए संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस मामले में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ पहले ही सर्वोच्च न्यायालय में जनहित याचिका दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रकरण को यथास्थिति में बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए थे। इसके बावजूद आरोप है कि महानगरपालिका के कुछ अधिकारियों ने इन आदेशों को नजरअंदाज करते हुए बीओटी (BOT) आधार पर मल्टीप्लेक्स निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि जिस जमीन पर यह निर्माण कार्य प्रस्तावित है, वह मूल रूप से शैक्षणिक उपयोग के लिए आरक्षित थी। साथ ही शहर विकास योजना में यह क्षेत्र स्कूल, अस्पताल और खेल मैदान जैसी सार्वजनिक सुविधाओं के लिए चिन्हित किया गया था। ऐसे में इस जमीन का व्यावसायिक उपयोग नियमों के खिलाफ बताया जा रहा है। इस पूरे मामले में उच्च न्यायालय ने ५ फरवरी २०२६ को राज्य के नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव को कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे। साथ ही संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अवमानना (कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट) की कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण की अनुमति रद्द करने की मांग की गई है। गौरतलब है कि इस प्रकरण को लेकर पूर्व नगरसेवक महेंद्र उर्फ मुन्ना भाऊ राठौड़ ने १९ दिसंबर २०२५ को जनहित याचिका दाखिल की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यायालय के स्पष्ट आदेशों के बावजूद नियमों का उल्लंघन कर निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने पत्रकार परिषद में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।



## ठाणे स्टेशन पर सतर्क यात्री ने ₹५४,००० के मोबाइल की चोरी रोकी, चोर गिरफ्तार

**ठाणे (इस्माईल खान):** एक तेज़-तर्रार पैसेंजर की वजह से ठाणे रेलवे स्टेशन पर एक शातिर मोबाइल चोर पकड़ा गया। यह घटना प्लेटफॉर्म नंबर २ पर हुई, जब यात्री कल्याण जाने वाली लोकल ट्रेन में चढ़ने की तैयारी कर रहे थे। शिकायतकर्ता, सुशांत दीपक गमरे (२६), दिवा के रहने वाले और नवी मुंबई में एक बैंक कर्मचारी, रात करीब ९:०० बजे अपनी ट्रेन का इंतज़ार कर रहे थे। जैसे ही ट्रेन आई और प्लेटफॉर्म पर भीड़ हो गई, समीर अहमद शेख (३५) नाम के संदिग्ध ने गमरे की जेब काटने की कोशिश की। अपनी जेब में हाथ देखकर, गमरे को तुरंत पता चल गया कि उसका मोबाइल फोन चोरी हो रहा है। उसने तुरंत कार्रवाई की, चोर का सामना किया और साथी पैसेंजर की मदद से उसे भागने से रोका। ग्रुप ने शेख को सफलतापूर्वक पकड़ लिया और उसे ठाणे रेलवे पुलिस को सौंप दिया।



अधिकारियों ने संदिग्ध के पास से लगभग ₹५४,००० कीमत का एक महंगा मोबाइल फोन बरामद किया। कुर्ला के रहने वाले शेख पर ऑफिशियली चार्ज लगाया गया है। सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर अर्चना दुसाने की देखरेख में पुलिस अब जांच कर रही है कि क्या आरोपी का सेंट्रल लाइन पर हुए दूसरे पिकपॉकेटिंग मामलों से कोई कनेक्शन है।

दैनिक फाईट अगेंस्ट क्रिमिनल
मुंबई, मंगलवार ३१ मार्च २०२६


# पुणे में भोंदूबाबा मामले पर उग्र प्रदर्शन

## अशोक खरात की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकालकर सख्त कार्रवाई की मांग






मुन्ना मुजावर

नासिक में सामने आए फर्जी बाबा कांड से पूरे राज्य में हड़कंप मच गया है। अशोक खरात के खिलाफ पुणे में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। टिलक रोड इलाके में बेटिया फाउंडेशन और गुलाबो गैंग की ओर से खरात की प्रतीकात्मक अर्थी निकालकर विरोध जताया गया।

इस आंदोलन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने अंधश्रद्धा निर्मूलन कानून के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान यह भी जोरदार मांग उठाई गई कि रुपाली चाकणकर को इस मामले में सह-आरोपी बनाकर तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

बेटिया फाउंडेशन की अध्यक्ष संगीता तिवारी ने आरोप लगाया कि रुपाली चाकणकर, अशोक खरात की करीबी सहयोगी थीं। उन्होंने आर्थिक लेन-देन और महिलाओं की व्यवस्था जैसे गंभीर कामों में भूमिका निभाई, ऐसा भी आरोप लगाया गया। इसलिए इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर सभी संबंधित लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ऐसी मांग उन्होंने की।

साथ ही आंदोलनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि नीलम गोहे कई वर्षों से अशोक खरात के संपर्क में थीं और लंबे समय से पूजा-पाठ में शामिल रहती थीं। महिलाओं पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वाली नेता चित्रा वाघ और मेधा कुलकर्णी पर इस मामले में चुप्पी साधने को लेकर आलोचना की गई।

प्रदर्शनकारियों ने अशोक खरात को कड़ी से कड़ी सजा, यहां तक कि फांसी देने की मांग की। इस घटना के बाद राज्य में अंधविश्वास और भोंदूपन के खिलाफ एक बार फिर गुस्सा भड़क उठा है, और सरकार से तत्काल सख्त कार्रवाई करने की मांग जोर पकड़ रही है।

# पुणे एयरपोर्ट पर 26 करोड़ 80 लाख का 'हाइड्रोपोनिक' गांजा जब्त, कस्टम विभाग की बड़ी कार्रवाई

**मुन्ना मुजावर**

**पुणे:** सेंट्रल कस्टम डिपार्टमेंट (कस्टम्स) की एक टीम ने पुणे इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक ऑपरेशन में 26.80 करोड़ रुपये का हाइड्रोपोनिक गांजा ज़ब्त किया। यह ऑपरेशन एयरपोर्ट परिसर के 'एयर कार्गो' सेक्शन में किया गया। पता चला कि थाईलैंड से इम्पोर्ट किए गए खाने के सामान के एक एयरटाइट कंटेनर (टिन) में हाइड्रोपोनिक गांजा छिपाकर रखा गया था।




बताया गया कि पुणे में थाईलैंड से इम्पोर्ट किए गए सामान के कंटेनर में चीनी खाने का सामान रखा गया था। कंटेनर पर इसका ज़िक्र था। 'मैंडरिन ऑरेंज सॉस' नाम का यह खाने का सामान एक थर्मोकोल बॉक्स में रखा गया था। कस्टम टीम गुरुवार (26 मार्च) को एयर कार्गो सेक्शन में रेगुलर इंस्पेक्शन कर रही थी। शक होने पर कस्टम टीम ने संबंधित थर्मोकोल बॉक्स खोले। तब एयरटाइट कंटेनर में सफेद पाउडर था। कंटेनर की जांच करने पर पता चला कि सफेद पाउडर के नीचे एक प्लास्टिक बैग में हाइड्रोपोनिक गांजा रखा गया था।

कस्टम टीम ने पूरे कार्गो की जांच की। तब एक एयरटाइट कंटेनर में छिपाकर रखा गया 76 kg हाइड्रोपोनिक गांजा ज़ब्त किया गया। ज़ब्त किए गए गांजे की कीमत इंटरनेशनल मार्केट में 26.80 करोड़ रुपये है। कस्टम अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

**हाइड्रोपोनिक गांजे की तस्करी मामले की पूरी जांच**

थाईलैंड से भेजा गया हाइड्रोपोनिक गांजा पहले पुणे इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ज़ब्त किया गया था। एयरपोर्ट के एयर कार्गो सेक्शन में थाईलैंड से इंपोर्ट किए गए खाने के एक कंटेनर में बड़ी मात्रा में हाइड्रोपोनिक गांजा मिलने के बाद कस्टम ने पूरी जांच शुरू कर दी है। हाइड्रोपोनिक गांजे की खेती कंट्रोल्ड माहौल में की जाती है। पिछले कुछ सालों में हाइड्रोपोनिक गांजे को स्मोक करने का रेट बढ़ा है। हाइड्रोपोनिक गांजे का इस्तेमाल अमीर लोग करते हैं। कस्टम अधिकारियों के मुताबिक, इस गांजे की कीमत रेगुलर गांजे से ज़्यादा है।

# येरवडा बाल निरीक्षण गृह में सुरक्षा गार्ड द्वारा नाबालिग बच्चे को पाइप से पीटा

मुन्ना मुजावर

पुणेः यरवदा में पंडित जवाहरलाल नेहरू उद्योग केंद्र द्वारा चलाए जा रहे बच्चों के ऑब्ज़र्वेशन होम में एक नाबालिग को पाइप से पीटा गया। इस मामले में यरवदा पुलिस ने ऑब्ज़र्वेशन होम के सिक्योरिटी गार्ड के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिमोन सुरेश साबले (उम्र 42) ने इस बारे में यरवदा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में उसे पीटने वाले सिक्योरिटी गार्ड को नोटिस दिया गया है।




पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यरवदा में पंडित जवाहरलाल नेहरू उद्योग केंद्र है। इस सेंटर में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के आदेश पर गंभीर और छोटे अपराध करने वाले नाबालिगों को रखा जाता है। इस सेंटर में नाबालिगों की काउंसलिंग की जाती है। ऑब्ज़र्वेशन होम में एक नाबालिग का झगड़ा हो गया था। उसने एक नाबालिग को पीटा। उसके बाद ऑब्ज़र्वेशन होम के सिक्योरिटी गार्ड ने नाबालिग को प्लास्टिक के पाइप से पीटा। यह घटना सामने आने के बाद साबले ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस सब-इंस्पेक्टर सात्रे जांच कर रहे हैं। ऑब्ज़र्वेशन होम में छोटे-मोटे झगड़ों की वजह से झगड़े की घटनाएं होती रही हैं। तीन साल पहले, एक घटना हुई थी जिसमें नाबालिग ऑब्ज़र्वेशन होम की दीवारें कूदकर भाग गए थे। ऑब्ज़र्वेशन होम का काम येरवडा में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड की गाइडेंस में होता है। नाबालिगों की काउंसलिंग के साथ-साथ उनके सुधार के लिए कई तरह की एक्टिविटीज़ जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड की गाइडेंस में की जाती हैं।

# फ़ोन पर बात करने पर मज़दूर को तीसरी मंज़िल से फेंका गया

एक कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले एक मज़दूर ने फ़ोन पर बात करने पर मना करने पर गुस्से में अपने साथी को बिल्डिंग की तीसरी मंज़िल से फेंक दिया। मज़दूर की मौत हो गई। यह घटना रविवार (29 मार्च) को सुबह करीब 11:40 बजे चिंचवाड़ के वाल्हेकरवाड़ी में हुई।



मरने वाले मज़दूर की पहचान केशव मोहन महतो के तौर पर हुई है। इस बारे में 38 साल के एक आदमी ने चिंचवाड़ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, शिकायत करने वाले का भतीजा केशव महतो अपने घर पर स्लैब का काम करने गया था। काम के दौरान आरोपी फ़ोन पर बात कर रहा था, इसलिए केशव ने उसे काम पर नीचे बुलाया। इसे अपनी बेइज्जती समझकर आरोपी ने केशव को गाली दी और उसका कॉलर पकड़कर तीसरी मंज़िल से नीचे धक्का दे दिया और कहा, 'तुम कौन होते हो मुझे बताने वाले?' इस भयानक घटना में केशव की मौत हो गई। चिंचवाड़ पुलिस जांच कर रही है।

# ज़मीन खरीदने के बहाने तीन लाख की ठगी

एक व्यक्ति ने ज़मीन बेचने का अधिकार होने का नाटक करके फ़र्ज़ी पावर ऑफ़ अटॉर्नी बनाकर एक महिला से तीन लाख 38 हज़ार रुपये ठग लिए। यह घटना 27 जनवरी, 2019 से 2020 के बीच वडमुखवाड़ी में हुई।




इस बारे में एक महिला ने दिघी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। इसके अनुसार, पुलिस ने एक के खिलाफ़ मामला दर्ज किया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता ने आरोपी को ज़मीन खरीदने के लिए टोकन के तौर पर 20 हज़ार रुपये दिए थे और फिर समय-समय पर कुल 3 लाख 38 हज़ार रुपये कैश और चेक के ज़रिए लिए। आरोपी ने फ़र्ज़ी कागज़ात बनाकर यह झूठा दावा किया कि असली मालिक ने उसे ज़मीन बेचने का अधिकार दिया है। उसने शिकायतकर्ता का भरोसा जीत लिया। पैसे लेने के बावजूद, आरोपी ने बिना परचेज़ डीड दिए ही रकम अपने नाम कर ली। दिघी पुलिस जांच कर रही है।

# पिस्टल ले जा रहे नाबालिग को हिरासत में लिया गया

एंटी-एक्सटॉर्शन स्क्वॉड ने एक नाबालिग को अवैध देसी पिस्टल ले जाते हुए हिरासत में लिया। उसके पास से पिस्टल और एक कारतूस ज़ब्त किया गया। यह ऑपरेशन सिंहगढ़ रोड पर दांडेकर पूल इलाके में किया गया।



एंटी-एक्सटॉर्शन स्क्वॉड के पुलिसकर्मी दांडेकर पूल इलाके में पेट्रोलिंग कर रहे थे। उसी समय, जांच टीम के पुलिस ऑफिसर आज़ाद पाटिल को सूचना मिली कि एक नाबालिग दांडेकर पूल इलाके में रह रहा है और उसके पास पिस्टल है। पुलिस टीम ने जाल बिछाकर उसे हिरासत में लिया। उसकी तलाशी ली गई। तब उसके पास पिस्टल मिली। नाबालिग पिस्टल क्यों ले जा रहा था? क्या वह कोई गंभीर अपराध करने की तैयारी कर रहा था?, जांच चल रही है। डिप्टी कमिश्नर ऑफ़ पुलिस निखिल पिंगले और असिस्टेंट कमिश्नर राजेंद्र मुलिक के गाइडेंस में, पुलिस इंस्पेक्टर राम राजमाने, सब-इंस्पेक्टर गौरव देव, सुरेंद्र जगदाले, अमोल राउत, आज़ाद पाटिल, शेखर खराडे, चेतन आप्टे और किरण पड्याल ने यह ऑपरेशन किया।

# परफेक्ट वुमेन अवोर्ड द्वारा पेनल डिस्कशन शो में शोर्ट फिल्म भ्रम का ट्रेलर लॉन्च किया गया।






संवाददाता शोएब म्यानुंर मुंबई

मुंबई के अंधेरी वेस्ट वेदा कुंभा में परफेक्ट वुमेन अवार्ड के मंच पर पेनल डिस्कशन शो में शॉर्ट फिल्म 'भ्रम' का ट्रेलर भव्य अंदाज़ में लॉन्च किया गया। यह कार्यक्रम बेहद शानदार और यादगार रहा, जिसमें फिल्म इंडस्ट्री और समाज के कई प्रतिष्ठित लोगों की मौजूदगी ने चार चांद लगा दिए।

फिल्म को डॉक्टर खुसी ठक्कर ने डायरेक्टर किया है,

इस खास मौके पर फिल्म के डायरेक्टर, राइटर, कलाकार, कोरियोग्राफर, मेकअप आर्टिस्ट, फोटोग्राफर और कास्टिंग डायरेक्टर समेत पूरी टीम मौजूद रही। सभी ने फिल्म के अनुभव साझा किए और 'भ्रम' की कहानी व उसके संदेश के बारे में जानकारी दी, जिसे दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिलने की उम्मीद जताई गई।

कार्यक्रम में मुंबई शहर के जाने-माने बिजनेसमैन, पत्रकार, बिल्डर और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कई कलाकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ट्रेलर लॉन्च के बाद मेहमानों ने फिल्म की सराहना की और पूरी टीम को बधाई देते हुए फिल्म की सफलता की कामना की। इस दौरान माहौल उत्साह और खुशी से भरा हुआ था, जहां मीडिया कवरेज, फोटो सेशन और इंटरव्यू का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया गया और जल्द ही फिल्म के रिलीज होने की घोषणा भी की गई।

'भ्रम' एक ऐसी शॉर्ट फिल्म है, जो समाज में फैली गलतफहमियों और हकीकत के बीच के फर्क को उजागर करती है, और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करने वाला एक मजबूत संदेश देती है।

# मीरा रोड में महिला सिंगर से २ करोड़ की ठगी, शादी का झांसा देकर शोषण; बिल्डर के खिलाफ मामला दर्ज

**नजमुल हसन रिज़वी**

मीरा-भायंदरः मीरा रोड से एक गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक ३२ वर्षीय महिला सिंगर ने एक बिल्डर पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, करीब २ करोड़ रुपये की ठगी और जबरन गर्भपात कराने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर काशीगांव पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता एक ऑर्केस्ट्रा बार में सिंगर के रूप में कार्यरत थी। अक्टूबर २०२३ में उसकी मुलाकात आरोपी से हुई, जो बार में नियमित रूप से आता था और खुद को एक बिल्डर बताता था। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। आरोप है कि आरोपी ने शादी का वादा कर नवंबर २०२३ में पहली बार पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए और इसके बाद विभिन्न स्थानों पर ले जाकर लगातार उसका शोषण करता रहा। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी ने अंधेरी पश्चिम में रियायती दर पर फ्लैट दिलाने का झांसा देकर उससे जून २०२५ में ११ लाख रुपये का चेक लिया और बाद में करीब २ करोड़ रुपये नकद भी प्राप्त किए। हालांकि, बाद में रियल एस्टेट कंपनी से जानकारी लेने पर पता चला कि फ्लैट के लिए कोई राशि जमा ही नहीं की गई थी। पीड़िता ने ११ लाख रुपये का चेक वापस ले लिया, लेकिन नकद राशि अब तक वापस नहीं मिली है। महिला का यह भी आरोप है कि पैसे वापस मांगने पर आरोपी ने उसे धमकाया और खुद को प्रभावशाली लोगों से जुड़ा बताकर डराने की कोशिश की। इसके अलावा, नवंबर २०२५ में गर्भवती होने पर आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया और दिसंबर २०२५ में मीरा रोड के एक अस्पताल में जबरन गर्भपात कराने का आरोप भी लगाया गया है।

पीड़िता ने अपने आरोपों के समर्थन में व्हाट्सऐप चैट, कॉल रिकॉर्डिंग और फोटो पुलिस को सौंपे हैं। वहीं, आरोपी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद पाया गया।

काशीगांव पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, दुष्कर्म, आपराधिक धमकी सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

यह दैनिक मालक, मुद्रक, प्रकाशक - मोहम्मद सईद अकबर अली शेख द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4- ग्राऊंड फ्लोर, एन के. इंडस्ट्रियल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, नीयर प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट, गेट नं. 2, गोरेगांव पूर्व, मुंबई 400 063 से छपवाकर, रूम नं. ३६१, जाकिर अली चॉल, स्कॉटर कॉलोनी, जोगेश्वरी (पूर्व),मुंबई ४०० ०६० से प्रकाशित. संपादक - मोहम्मद सईद अकबर अली शेख मो.: ९९३००२६९४२ / ९९३००२६९४३
कार्यकारी संपादक - विक्रम सेन email -fightagainstcriminal2016@gmail.com RNI. No. : MAHHIN/2016/71734 सभी पद अवैतनिक है, (विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मुंबई होगा)